हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 अप्रैल 2024

06 नगर में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मादेवी ...



07 साहू समाज ने हर्ष उल्लास के साथ मनाई मां कर्मा देवी ...





**लोकसभा क्षेत्र**
रीवा

**1 भाजपा प्रत्याशी**
जनार्दन मिश्रा

**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
नीलम मिश्रा

**पिछली बार कौन जीता**
जनार्दन मिश्रा

**जीत का अंतर**
3 लाख 12 हजार 807

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इन चुनाव में अन्य क्षेत्रों की तरह रीवा में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। इस बार यहां प्रत्याशियों का चेहरा भी महत्वपूर्ण है। बसपा अपने युवा प्रत्याशी के लिए युवाओं का समर्थन मांग रही है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों को आगे कर वोट मांग रही है। अयोध्या मुद्दा के साथ हिंदू-मुस्लिम राजनीति भी उसे मजबूत करती है। दूसरी तरफ कांग्रेस लोकतंत्र को खतरे में बता रही है। वह देश के अंदर महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। कांग्रेस का कहना है देश की जांच एजेंसिया भाजपा के पास कब्जे में हैं।

### तीन लोकसभा चुनाव जीत चुकी बसपा, भाजपा की ओर से फिर जनार्दन, कांग्रेस ने नीलम को दिया टिकट

# रीवा में खेल बिगाड़ती है बसपा, पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के ही बीच

*रीवा लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज कुछ अलग है। यहां किसी भी चुनाव में कुछ भी हो सकता है। यह प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट है, जहां बसपा तीन चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। अब भी उसे इतने वोट मिलते हैं कि वह किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है। फिलहाल यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुकाबले के आसार हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा तीसरी बार मैदान में हैं। इनकी गिनती फक्कड़ और ईमानदार नेता के तौर पर होती है, जबकि कांग्रेस ने दल बदलने में अव्वल अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। जनार्दन के विपरीत अभय ठेकेदार हैं। इनकी गिनती रसूखदार नेता के रूप में होती है। रीवा में मोदी लहर का असर है, लेकिन अभय मिश्रा की पत्नी मुकाबले को रोचक बना सकती हैं।*



ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

रीवा लोकसभा सीट अब तक किसी दल का गढ़ नहीं बन सकी। पिछले 8 लोकसभा चुनावों पर नजर डालें तो 3 बार बसपा, 4 बार भाजपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, इसीलिए विश्लेषक इस सीट को लेकर किसी तरफ की भविष्यवाणी करने से बचते हैं। वजह बसपा की मजबूत उपस्थिति है। 2019 में बसपा को मिले 91 हजार से ज्यादा वोटों को छोड़ दें तो पार्टी को हर चुनाव में डेढ़ से दो लाख तक वोट मिले हैं। बसपा को मिलने वाले वाले ये वोट किसी के भी हार-जीत का खेल बिगाड़ सकते हैं। बसपा की ओर से अभिषेक पटेल मैदान में हैं। वे 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा को इस मायने में फक्कड़ माना जाता है कि वे दो कुर्ता-पैजामा बनवाकर राजनीति करते हैं। उनकी गिनती निहायत ईमानदार नेता के तौर पर होती है। कोराना काल में दो साल उन्होंने लोगों के लिए मास्क बनाने का काम किया।



जनार्दन मिश्रा



नीलम मिश्रा

संभवतः इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि तीसरी बार उनके खिलाफ कुछ एंटी इंकम्बेंसी भी दिखाई पड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा सेमरिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रही हैं। उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से कांग्रेस के विधायक हैं। वे जल्दी-जल्दी भाजपा-कांग्रेस में आने-जाने के कारण चर्चित रहे हैं। अभय पेशे से ठेकेदार हैं, पैसे की उनके पास कमी नहीं है। क्षेत्र में उनका संपर्क भी अच्छा है। उनकी गिनीत दबंग नेता के तौर पर भी होती है। इसकी वजह से मुकाबला रोचक दिख सकता है। रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण और पटेल मतदाताओं की तादाद निर्णायक है। संभवतः इसीलिए आमतौर पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी ब्राह्मण होते हैं और बसपा से पटेल। बसपा को पटेलों के साथ दलित वर्ग का अच्छा समर्थन मिल जाता है तो वे मुकाबले को त्रिकोणीय बना देते हैं। ऐसे मुकाबले में बसपा कभी-कभी बाजी भी मार ले जाती है।

### विस चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

विधानसभा के 4 माह पहले हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बंपर जीत दर्ज की थी। रीवा लोकसभा क्षेत्र में भी इसका असर देखने को मिला। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस सिर्फ एक सीट पर सिमट गई। भारतीय जनता पार्टी का सिरमौर, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ में कब्जा है, जबकि कांग्रेस का सेमरिया में। सेमरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम के पति अभय मिश्रा विधायक हैं। जीत के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस सेमरिया में महज 637 वोटों के अंतर से चुनाव जीती है, जबकि 7 विधानसभा सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 5 हजार 840 रहा। लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों का यह अंतर पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### आठ विधानसभा क्षेत्रों में फैली है रीवा लोस सीट

रीवा लोकसभा सीट भौगोलिक दृष्टि से रीवा जिले की 8 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी है। ये सीटें सिरमौर, सेमरिया, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ हैं। इस सीट के लिए 1991 से 2019 तक हुए लोकसभा के 8 चुनावों में 4 बार भाजपा, 3 बार बसपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी दो बार 1998 और 2004 में जीते और जनार्दन मिश्रा ने 2014 और 2019 के चुनाव में जीत दर्ज की। बसपा के भीम सिंह पटेल पहली बार 1991 में जीतने में सफल रहे। 1996 के चुनाव में बसपा के बुद्धसेन पटेल जीत गए। 2009 में बसपा के देवराज सिंह पटेल ने जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी ने भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी को हराया था। इस बार फिर मुकाबला रोचक है।

### ब्राह्मणों व पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला

रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला माना जाता है। हालांकि यहां दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी कम नहीं है। यही कारण है कि आमतौर पर रीवा में ब्राह्मण और पटेल समाज के नेता ही सांसद बने हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 40 फीसदी के आसपास निर्णायक है, लेकिन यह मतदाता कांग्रेस और भाजपा के बीच बंट जाता है। इसके बाद दलित, पटेल और काछी मतदाताओं की तादाद है। बसपा पटेल को प्रत्याशी बनाती है। इसके साथ बड़ी तादाद में दलित मतदाता जुड़ जाता है। काछी समाज के अलावा क्षत्रिय सहित क्षेत्र में अन्य समाज भी हैं। दलित मतदाता बसपा, भाजपा और कांग्रेस के बीच बंट जाता है।

### विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2600 | 4690 |
| गेहूं 1544 | 1972 | 3108 |
| चना | 4550 | 5871 |
| मसूर | 4750 | 6100 |
| सोयाबीन | 3800 | 4700 |
| सरसों | 3500 | 5300 |
| धान | 2000 | 3799 |
| तेवड़ा | 3900 | 4600 |

### खबर संक्षेप

#### पूर्व सीएम आज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को दिलाएंगे भाजपा की सदस्यता

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी के विदिशा रायसेन संसद क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 अप्रैल को शाम 4 बजे अहमदपुर ग्राम में गल्ला मंडी परिसर में भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 5 बजे शहनाई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाने आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।



#### स्टेशन की जलसेवा का 7 को होगा शुभारंभ

**विदिशा।** सार्वजनिक भोजनालय समिति द्वारा 41 साल से रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जलसेवा संचालित की जा रही है। इस साल 7 अप्रैल को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य द्वारा विधिवत जलसेवा का शुभारंभ किया जाएगा। 7 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर के अलावा जिपं सीईओ योगेश भरसट , एसपी दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे मौजूद रहेंगे। समिति सचिव संतोष ताम्रकार ने शहर के युवा समाजसेवियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

#### चुनाव को लेकर पुलिस बल को दिया प्रशिक्षण

**विदिशा।** सीएसपी अतुल सिंह द्वारा थाना सिविल लाइन थाने में थाना प्रभारी निरीक्षक शाहबाज खान एवं समस्त स्टाफ को लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया। बल को मुस्तैदी से ड्यूटी करने, वाहनों की सघन चेकिंग कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

### विदिशा लोकसभा की उम्मीदवारी रायसेन में होगी पेश

# 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जमा होंगे नामांकन, दोपहर 3 बजे के बाद नो एंट्री

लोकसभा चुनाव को लेकर दोनों पार्टियों का प्रचार शुरू हो गया है। शहर में अभी चुनावी माहौल कम ही दिखाई दे रहा है। नेता नामांकन जमा करने के लिए दस्तावेजी खाना पूर्ति करने में जुटे हुए हैं। 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन जमा करने की प्रकिया भी शुरू हो जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव के लिए विदिशा एवं सागर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पांचों विधानसभाओं लिए चुनाव की अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी की जाएगी। इसी के साथ नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के अभ्यर्थियों द्वारा अपने नाम निर्देशन पत्र रायसेन कलेक्टर व रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा रायसेन में प्राप्त किए जाएंगे।

सांसदीय क्षेत्र क्रमांक 5 सागर के नाम निर्देशन पत्र सागर कलेक्टर एवं जिला रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा सागर में प्राप्त किए जाएंगे। नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को जमानत राशि जमा करना आवश्यक है। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। एक साथ या पृथक से जमा किया जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्रॉफी भी कराई जाएगी। एक उम्मीदवार सिर्फ 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है।

#### अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे

नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप.ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आरओ कक्ष में लेकर आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी।

#### नगद व ऑनलाइन जमा करने की सुविधा

उम्मीदवार को 25 हजार रुपए की जमानत राशि जमा करनी होगी। जबकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 12 हजार 500 रुपए जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। नामांकन पत्र के साथ इसे नकद जमा कर सकते हैं। वहीं ऑनलाइन राशि जमा करने की भी सुविधा दी गई है। उम्मीदवार ई चालान अथवा साइबर ट्रेजरी पोर्टल से जमानत राशि ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

### सेक्टर ऑफिसर व सेक्टर पुलिस ऑफिसरों की संयुक्त बैठक 10 को

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसरों की संयुक्त बैठक का आयोजन 10 अप्रैल को किया गया है। यह बैठक ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर ऑफिसर व सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स को जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा आज

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक शनिवार को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगी।

### प्रवर्तन एजेंसियों की बैठक सोमवार को

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में प्रवर्तन (एन्फोर्समेंट) की बैठक सोमवार को टीएल बैठक के बाद कलेक्टेट के बेतवा सभाकक्ष में होगी। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारी आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहेंगे।

# टीबी रोग विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच करने आई टीम

### दवा खरीदी सहित अन्य तरह की खरीदी के मामलों में आर्थिक अनियमितताओं की शिकायत की गई थी



विदिशा। गड़बड़ियों के संबंध में जांच करती सीएमएचओ कार्यालय पहुंची टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत काम करने वाले क्षय रोग विभाग (टीबी विभाग) में विभिन्न मामलों में आर्थिक अनियमितताओं की शिकायत के बाद शुक्रवार को भोपाल से 5 सदस्यीय विशेषज्ञ डॉक्टर और प्रशासक का एक दल सीएमएचओ कार्यालय पहुंचा। जहां उन्होंने विभिन्न दस्तावेजों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया गया कि दवा खरीदी, प्रशिक्षण और आईईसी के मामले में आर्थिक अनिमित्ताएं की शिकायत की गई थी। जांच अधिकारियों ने बताया की अभी जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि किन किन चीजों में गड़बड़ी की गई है। हालांकि शिकायत के बाद प्रचार प्रसार के लिए पेटिंग कराने से स्पष्ट हो गया है कि कहीं न कहीं गड़बड़ी कर बजट को फर्जी बिल लगाकर ठिकाने लगाया गया है।

## लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र से अतिथि शिक्षक हुए आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बीपीएड संघ एवं अतिथि शिक्षकों ने शुक्रवार को संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

मप्र सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव से पूर्व 2 सितंबर 2023 को तात्कालिक मुख्यमंत्री द्वारा अतिथि शिक्षकों की महापंचायत बुलाई गई थी। महापंचायत में घोषणा की गई थी की अब पूरे साल के अनुबंध का पैसा अतिथि शिक्षकों के दिया जाएगा, लेकिन हाल ही में लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक ही अतिथि शिक्षकों की सेवाओं को मान्य किया है। उक्त तिथि के पश्चात अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने का प्रावधान नहीं है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि हमारी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। परिवार का भरण पोषण करने के लिए शेष 2 माह तक कहां मजदूरी करेंगे। इस अवसर पर रविकांत नामदेव, सुरेंद्र भार्गव, पुष्पक गुप्ता, भीष्म आदि लोग मौजूद रहे।

### गांजा तस्कर इमरान को दो साल की सजा

**विदिशा।** विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार राठी ने धनोरा हवेली निवासी इमरान खान को दो साल की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि 4 अगस्त 2021 को सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली थी की 29 वर्षीय इमरान खान पुत्र फैज खान निवासी ग्राम धनोरा हवेली गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोचा तो उसके पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया था।

### विधानसभा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई

**विदिशा।** भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को विधानसभा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, भोपाल संभाग भाजपा के प्रभारी कांतिदेव सिंह, लोकसभा के विदिशा के प्रभारी सीताराम यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, विधायक मुकेश टंडन, बासौदा विधानसभा के प्रभारी श्यामसुंदर शर्मा मौजूद रहे। अजय जामवाल ने सभी कार्यकर्ताओं के कानों में जीत का मंत्र फूंका। संगठन के कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र का चुनाव है। मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक कैसे पहुंचे इसके लिए काम करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 में भारत को विकसित भारत समृद्धि शाली भारत बनाने के लिए 24 घंटे निरंतर बगैर छुट्टी लिए काम कर रहे हैं।



### विधायक के निवास पर हुई चुनाव संचालन कमेटी की बैठक



विदिशा। पूर्व मंत्री शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा के निवास दयानंदपुर पर संभागीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन ने चुनाव संचालन समिति की बैठक ली। इस अवसर पर कोर कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अध्यक्ष पद के लिए 4 ने की दावेदारी

**विदिशा।** अभिभाषक संघ विदिशा के निर्वाचन का कार्यक्रम जारी होने के बाद अध्यक्ष पद से लेकर कनिष्ठ कार्यकारिणी के तक सभी पदों के लिए अधिवक्ता सदस्यों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। 13 अप्रैल को अभिभाषक संघ में चुनाव में होगा। आज शनिवार तक नाम वापसी का समय तय है। अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभुदयाल यादव, संजय चतुर्वेदी, संतोष कुमार शर्मा सहित कैलाश सिंह किरार ने उम्मीदवारी पेश की है। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में राजकुमार सक्सेना, सुभाष बोहत, राकेश यादव शामिल हैं। सचिव पद के लिए सिर्फ दो अधिवक्ता ही दावेदार हैं, इनमें प्रेमसिंह दांगी, राजेंद्र सिंह दांगी का नाम है। सह सचिव पद के लिए रविन्द्र रघुवंशी और नरेंद्र द्विवेदी उम्मीदवार हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए जीवन सिंह सेन और धर्मेन्द्र किरार आमने सामने होंगे। वाचनालय सचिव पद के लिए प्रेमनारायण शर्मा, दीपक वाजपेयी, दीपक सक्सेना उम्मीदवार हैं। वरिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पदों के लिए हरपाल सिंह, ओमप्रकाश दुबे, दीपक कुमार श्रीवास्तव, रफीक अहमद, अजय कुशवाह, प्रवीण वसिया, संतोष कुमार शर्मा, सरवर खान सब्बाग, देवेंद्र कुमार चतुर्वेदी, राजेश कुमार यादव, सुनील शर्मा सहित कुल 11 उम्मीदवार हैं। कनिष्ठ कार्याकरिणी के 4 पदों के लिए पांच उम्मीदवारों में उमाशंकर शर्मा, भागचंद अहिरवार, रविन्द्र कुमार रघुवंशी, धर्मेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, श्रीमति ममता जैन शामिल हैं।

# मां कर्मा देवी जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा
## वृंदावन के कलाकारों ने भजनों पर दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कर्मा देवी जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा शुक्रवार को शोभायात्रा निकला गई। जो साहू समाज धर्मशाला रामनगर चौराहे बरईपुरा से शुरू होकर किरी मोहल्ला, माधवगंज, तिलक चौक, बड़े बाजार रीठा फाटक होते हुए साहू धर्मशाला पहुंचे।

शोभायात्रा में नगर के मुख्य मार्गों पर वृंदावन से आए कलाकारों ने राधा कृष्ण बनकर भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कर्मा देवी के रूप में रथ में कन्याओं को विराजमान किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर शामिल हुईं और भजनों पर कलाकरों के साथ खूब नृत्य किया। साहू धर्मशाला पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ। सुबह के समय भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की पूजन अर्चन के बाद नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। शोभायात्रा में साहू समाज के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल साहू पार्षद, महामंत्री यशवंत साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साहू, जिला अध्यक्ष सुरेश साहू के अलावा अनिल साहू, मनोज साहू, देवी प्रसाद साहू, श्यामलाल साहू, प्रदीप साहू, गिरीश साहू, मोर सिंह साहू प्रेम नारायण साहू, राजकुमार साहू, दीपक साहू आदि सामाजिक बंधु मौजूद रहे।



विदिशा। वृंदावन से आए कलाकारों ने शोभायात्रा में दी मनमोहन प्रस्तुतियां।

### फरार तस्कर ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार दो साथी अभी फरार

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से ब्राउन शुगर भी बरामद हुई है। हाल ही में पुलिस ने राजस्थान के दो तस्करों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था, जबकि इनके तीन साथी फरार हो गए थे। आरोपी राजस्थान से ब्राउन शुगर लाकर विदिशा में बेचने की फिराक में थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक फरार आरोपी दुर्गेश शर्मा चिरंजीवी अस्पताल के पास अवैध मादक पदार्थ का व्यापार कर रहा है। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर फरार आरोपी दुर्गेश शर्मा को हिरासत में लिया। दुर्गेश के पास से 5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है।

## खबर संक्षेप

### विराट शिल्पकार का सुयश



**गंज बासौदा।** नवांकुर विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 3rd के छात्र विराट पुत्र योगेश शिल्पकार ने फर्स्ट डिवीजन से कक्षा उत्तीर्ण की। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवारजन, विद्यालय के प्राचार्य सहित स्टॉफ ने बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में हुआ परिवर्तन

**गंजबासौदा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास द्वारा वर्तमान में ग्रीष्म काल मौसम के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यानगत रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। आगामी आदेश तक आंगनवाड़ियों का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने, प्रार्थना एवं निर्मल समय सुबह आठ से नौ बजे तक रहेगा, जबकि बच्चों के नाश्ते का समय सुबह 9 से 9.30 बजे, पूर्व प्राथमिक शिक्षा का समय प्रातः 9.30 से 11 बजे, बच्चों के भोजन का समय प्रातः 11 से 11.30 बजे, आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के खेल एवं छुट्टी का समय प्रातः 11.30 से 12 बजे तथा कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियों हेतु दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक का समय नियत किया गया है।

### लाइनमैन को लगा करंट


**गंजबासौदा।** शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र के एक लाइनमैन को करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया।

### भाजपा त्योंदा मंडल की बैठक आयोजित


**त्योंदा।** चित्रांश गार्डन में भारतीय जनता पार्टी त्योंदा मंडल की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी जी एवं विदिशा से मनोज कटारे, विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री राजेश तिवारी एवं त्योंदा से डॉक्टर सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश दुबे ग, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रघुवंशी एवं क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें मनोज कटारे द्वारा बूथ शत प्रतिशत जीतने के लिए बूथ अध्यक्षों को समझाया। इस मौके पर ग्राम रसूलपुर एवं लगधा त्योंदा के सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इन कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के कार्य से हम खुश होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। सभी ने भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए।

# आधे घंटे तक चलती रही सांडों की लड़ाई, बाइक चालक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



फोटो क्रमांक 1 आपस में लड़ते दो सांड



फोटो क्रमांक 2 सांडों की लड़ाई में बाल बाल बचे बाइक चालक



फोटो क्रमांक 3 दो सांडों की लड़ाई के बीच पहुंचा तीसरा सांड

शुक्रवार को शाम के समय मील रोड पर महावीर विहार के आगे दो सांडों की आपस में भिड़ंत हो गई, जो देर तक चलती रही। अचानक से शुरु हुई सांडों की लड़ाई देखकर घरों के बाहर खेल रहे बच्चे और परिजन घर के अंदर हो गए। कभी एक सांड दूसरे सांड पर हावी हो जाता तो कभी दूसरा सांड पहले सांड पर हावी हो जाता। आसपास के रहवासी और दुकानदार सांडों की लड़ाई को देखते रहे और कुछ लोगों ने सांडों को अलग हटाने का प्रयास भी किया लेकिन सांडों ने अपनी लड़ाई बंद नहीं की। इसी बीच तीसरा सांड भी दो सांडों की लड़ाई के बीच में अपनी जोर आजमाईश करने लगा। इस दौरान सड़क से गुजर रहे अनेक दो पहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर साड़ों की चपेट में आने से बाल बाल बचे। सांडों की लड़ाई लगभग 30 मिनिट तक चलती रही। इसके बाद कुछ लोगों ने सांडों पर ठंडा पानी डाला और लाठी की मदद से उन्हें अलग अलग किया। जिसके बाद सांडों की लड़ाई शांत हुई।

### साहू समाज ने पचमा रोड पर समाज की धर्मशाला में किया कार्यक्रम

# नगर में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मादेवी जयंती, निकली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








शुक्रवार को पचमा रोड स्थित साहू समाज मंदिर धर्मशाला में मां कर्मा देवी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, साहू समाज के भगवान दास साहू, पार्षद नीलू चौबे, पार्षद सुनील साहू मौजूद थे। जिन्होंने मां कर्मा देवी की पूजन-अर्चन कर आरती की। इस अवसर पर साहू समाज के वक्ताओं ने समाज सुधार और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के विषय में अपने विचार व्यक्त किए एवं समाज के बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने पर जोर दिया।

इस अवसर पर साहू समाज के युवाओं द्वारा एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। यह रैली बरेठ रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ की गई। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए मां कर्मादेवी मंदिर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस रैली में साहू समाज के युवा अपने-अपने वाहनों पर ध्वज लेकर चल रहे थे। विशाल वाहन रैली का जगह जगह पुष्प वर्षा कर एवं जलपान कराते हुए नागरिकों एवं संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। उधर मां कर्मादेवी जयंती के अवसर पर मंदिर में गत दिवस से ही तैयारियां की गई थीं। आज सुबह मां कर्मादेवी का विशेष श्रृंगार एवं पूजन अर्चन कर उन्हें विशेष भोग लगाया गया। कार्यक्रम के बाद भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया गया। जिसमें सभी ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर राजमल साहू, फूलचंद साहू, घनश्याम दास साहू, राजाराम साहू, कोमलचंद साहू, सीताराम साहू, प्रकाश साहू, युवा साहू समाज के अध्यक्ष कपिल साहू, छोटे लाल साहू, शिक्षक घनश्याम साहू, राजेश साहू, हरिसिंह साहू, रमेश साहू रोजरु सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आरके साहू ने किया एवं आभार काशीराम साहू ने व्यक्त किया।

## भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश जादौन, विधायक हरिसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस के पवन रिछारिया, संदीप अरोरा, बसंत जैन, तनुज जैन, अनिल जैन, गोविंद मिश्रा, अरुण शर्मा, अजय तिवारी एवं सैकड़ों लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी को भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

## ग्रामीणों की नाराजगी के बाद पुनः मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम उदयपुर में नीलकंठ महादेव मंदिर रोड पर राज्य पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया था। जिसमें मटेरियल में गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग न किए जाने के बाद कमजोर होने के कारण कोवल पत्थर रास्ते में लगाए हुए थे, जो थोड़े दिन बाद ही उखड़ने लगे थे। महाशिवरात्रि मेले के बाद उक्त मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। कुरवाई विधायक और ग्राम के जनप्रतिनिधि द्वारा सौंदर्यीकरण पर नाराजगी जताई गई थी। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण शर्मा ने इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद ठेकेदार ने क्षतिग्रस्त कोवल को हटाकर फिर से मार्ग निर्माण शुरू किया है।

## मोबाइल से खेलने के चक्कर में बच्चे के गले में डले ताबीज से लगा फंदा

**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड नंबर 6 स्थित लड्डा एजेंसी वाली गली में एक परिवार पर आफत तब आ गई। जब उनका 8 वर्षीय बालक घर में पलंग पर लेटा हुआ मोबाइल चला रहा था। तभी गले में डला ताबीज करवट लेते समय उसकी गर्दन में फंस गया और वह गिर गया लेकिन खटिया में उसका ताबीज उलझ गया। जिससे उसके गले में फंदा लग गया। जैसे ही घर वालों ने देखा कि यह खाट के पाय में आधा उलझा है। उसे इस तरह देखकर घरवाले घबरा गए और तुरंत उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लेकर आए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। यदि बच्चा मोबाइल से नहीं खेल रहा होता तो उसका इतना ध्यान मोबाइल की तरफ आकर्षित नहीं होता तो उसकी जान बच सकती थी। ज्ञात हो कि मान्यताओं के अनुसार परिवार के लोग बच्चों के गले में उनकी सुरक्षा के लिए ताबीज, वेल आदि डलवा लेते हैं।



## फॉलोअप शिविर में हुई अनेक मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा पिछले दिनों हुए मोतियाबिंद के ऑपरेशन के पश्चात हितकारिणी धर्मशाला में द्वितीय फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ से सेन्टर संचालक डॉक्टर हरिप्रसाद, डॉ रविंद्र रघुवंशी, कोऑर्डिनेटर रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 55 नेत्र रोगियों में से 40 नेत्र रोगियों की पुनः जांच कर निशुल्क दवाइयां एवं 13 नेत्र रोगियों को निशुल्क चश्मे वितरित किए। इस अवसर पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह, सुरेश कुमार तनवानी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राम गोपाल गुप्ता, प्रकाश माहेश्वरी एवं रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। सुरेश कुमार तनवानी ने बताया कि अगला नेत्र शिविर 15 अप्रैल को हितकारिणी धर्मशाला में सुबह 10 से 1 बजे तक लगाया जाएगा। जिसका लाभ लेने की अपील नेत्र रोगियों से की है।

## संयुक्त मोर्चा ने शालाएं सुबह के समय संचालित करने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निरंतर बढ़ती गर्मी में भी जिले के स्कूल पूर्व समय अनुसार ही दोपहर में ही लगाए जा रहे है। इस भीषण गर्मी में बच्चे स्कूल कैसे आऐं यह शिक्षकों, पालकों के सामने बड़ी समस्या है। इस कारण छात्रों की बड़ी संख्या शालाओं में नहीं आ रही है। शिक्षकों के निरंतर प्रयासों के बाबजूद छात्रों के माता, पिता छात्रों को शाला भेजने तैयार नहीं हैं। इन्ही समस्याओं को लेकर अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने एडीएम विदिशा, डीईओ रामकुमार ठाकुर, सहायक संचालक नवीन बागरे से मिलकर शालाओं का समय सुबह से करने की मांग की। एडीएम डामोर ने डीईओ को प्रस्ताव बनाने को पत्र प्रेषित कर दिया है। जिला शिक्षाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर सुबह से शालाओं का समय करने का कलेक्टर को प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही क्रमोन्नति के सम्बंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमने एक बार पुनः सभी प्राचार्यो को आदेश जारी कर दिए हैं। जिससे कोई छूटे नहीं। आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही आदेश जारी किए जायेगें। मोर्चा के सरंक्षक पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं में लाइट की कमी है, साथ ही पीएचई विभाग की उदासीनता से शालाओं के पानी के स्त्रोत सूखे या खराब पड़े है। ऊपर से इतनी भीषण गर्मी में छात्र कैसे स्कूल आयेंगे ये चिंता का विषय है। वहीं मोर्चा के महामंत्री उमराव सिंह कुशवाह ने कहा कि जब हम छात्रों के घर जाकर या फोन से पालकों से सम्पर्क करते है तो अधिकतर छात्रों के घरवाले शाला भेजने तैयार नहीं होते हैं। मोर्चा के पदाधिकारियों ने चुनाव प्रशिक्षण मे तबियत खराब होने और फिर अस्पताल में मृत्यु हो जाने पर माध्यमिक शिक्षक वसीम मोहम्मद अंसारी शासकीय हाईस्कूल चौथर को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष नवलसिंह रघुवंशी, महामंत्री विनोद श्रीवास्तव, सईद भाई, विजय श्रीवास्तव, चरण सिंह शाक्य, काप्से आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### रेल्वे स्टेशन से राजेन्द्र नगर तक किया नागरिकों से संपर्क

# निमंत्रण देकर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का किया आग्रह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर 10 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सभी वर्गों की भागीदारी के लिए शुक्रवार को गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं के साथ नौलखी के श्रीमहंत राम मनोहरदास महाराज ने मुख्य मार्गों पर आमंत्रण पत्र देकर महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया। आमंत्रण पत्र का वितरण स्टेशन क्षेत्र के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर तक किया गया। शनिवार को बरेठ रोड़ और त्योंदा रोड़ क्षेत्र में नागरिकों के बीच आमंत्रण पत्र का वितरण किया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि नौलखी आश्रम पर आयोजित हो रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए क्षेत्र के संतों, महंतों के अलावा काशी, ऋषिकेश, हरिद्वार, अयोध्या, चित्रकूट, प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन सहित भारत के अनेक क्षेत्रों में साधु संतों के लिए नौलखी का आमंत्रण भेजा गया है। इस आयोजन में उड़ीसा राजस्थान सहित आश्रम से जुड़े अनेक स्थानों के भक्त भी महोत्सव में शामिल होने जा रहे हैं।

वेत्रवती घाट पर स्थापित दशकों पुराने नौलखी आश्रम के जीर्णोद्धार के बाद आगामी 10 से 20 अप्रैल तक चलने वाले भगवान जगदीश स्वामी, राम दरबार के नवीन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा सहित 33 कुंडीय श्री सीताराम यज्ञ के साथ रामलीला और राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। शुक्रवार को महंत राम मनोहर दास महाराज ने नागरिकों, श्रद्धालुओं सहित जनप्रतिनिधियों के साथ स्टेशन क्षेत्र से दुकानदारों सहित सड़क पर व्यापार करने वाले, फेरी लगाने वालों के अलावा राहगीरों को भी आमंत्रण देकर आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। नगर के गणमान्य नागरिक, महंतश्री के साथ स्वयं बाजार में दुकानदारों को अपने हाथों से नौलखी का आमंत्रण देते हुए महोत्सव में शामिल होने का आग्रह करते हुए नजर आए। आमंत्रण वितरण के दौरान पंडित केशव शास्त्री, पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, घनश्याम, तीरथ सिंह रघुवंशी, डॉ राजेश शर्मा, नीलेश अग्रवाल, राजेश माहेश्वरी, संदीप अरोड़ा, रूपेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा, विजय सिंह रघुवंशी, रघुवीर सिंह रघुवंशी, जगदीश खटीक सहित बड़ी संख्या में अनेक नागरिकों ने शामिल होकर दुकानों पर आमंत्रण सौंपते हुए नगर की जनता से नौलखी पर आयोजित हो रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया।

## ऑटो चालकों पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय रेलवे स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में प्लेटफ़ार्म निकास गेट के सामने नो पार्किंग जोन में ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा अपने वाहन ऑटो रिक्शा खड़े कर दिये जाते हैं। जिसके कारण स्टेशन के सामने वाहनो का जाम लग जाता है तथा यात्रियों के साथ साथ आम राहगीरों को भी अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ता है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन के सामने नो पार्किंग जोन में ऑटो रिक्शा खड़ा ना करने के संबंध में आरपीएफ़ द्वारा लगातार मुहिम चलाकर ऑटो रिक्शा चालकों को समझाईश दी जा रही है व आटो रिक्शा को मुख्य द्वार के सामने खड़ा नहीं करने की हिदायत दी जा रही है, किंतु कुछ ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा जबरन नो पार्किंग में अपने ऑटो रिक्शा खड़े किए जा रहे हैं। शुक्रवार को आरपीएफ़ जवानों द्वारा सख़्ती से कार्रवाई करते हुए 5 ऑटो रिक्शा चालकों के विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है जिन्हें सोमवार को रेलवे कोर्ट भोपाल के समक्ष पेश किया जाएगा।

### श्री बिहारी जी के मंदिर में मां कर्मा देवी के दर्शनार्थ लगा रहा समाजजनों का तांता

# साहू समाज ने हर्ष उल्लास के साथ मनाई मां कर्मा देवी जयंती, भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शुक्रवार को साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। प्रतिवर्ष अनुसार समाजजनो द्वारा नगर के कठाली बाजार स्थित श्री बिहारी जी के मंदिर में साहू समाज की आराध्य देवी मां भक्त षिरोमणि मां कर्मा देवी के दर्षनो के लिए सुबह से ही भक्तो का तांता लगा रहा। वही समाजजनों द्वारा पूजा अर्चना कर हवन में पूर्णाहुति दी। वही आरती के तत्पश्चात महाप्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर साहू समाज के अध्यक्ष पंकज साहू दिनकर व समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा गत वर्ष उत्तीर्ण हुए ऐसी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया तथा

महिलाओं द्वारा सुंदर भजनों का आनंद लिया एवं रंग गुलाल तथा फूलों की होली भी खेली गई। वही शिशु मंदिर रोड स्थित साहू धर्मशाला मैं दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 तक भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सामाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की। श्री बांके बिहारी मंदिर के पुजारी महाराज ओमप्रकाश दुबे ने बताया मंदिर में सुबह 9 बजे से पूजा अर्चना कर दोपहर 1 बजे हवन पूर्णाहुति एवं आरती कर प्रसाद वितरण की गई। इस दौरान साहू समाज के अध्यक्ष पंकज साहू,पहलवान सिंह साहू,मुन्ना लाल साहू,नारायण साहू गरेठा बाले, पत्रकार अंकित साहू, नितिन साहू, बनवारी लाल साहू, चंद्र प्रकाश साहू, युवा मंडल से कमलेश साहू, सतीश साहू, मोहन साहू, अरविंद साहू, बृजेश साहू, नीरज, नितेश साहू,गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



देवी के दर्शनों के लिए सुबह से मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता

## भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती के अवसर पर दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में भजन प्रतियोगिता का आयोजन



**सिरोंज**। श्री 1008 आदिनाथ भगवान के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर श्री 1008 पार्ष्वनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में अखिल भारतवर्षीय दिव्य देषना महिला परिषद एंव श्री निर्णय सागर जी पाठषाला द्वारा पालना झूलाया गया। इस मौके पर पाठषाला के बच्चों को हाऊजी सहित अनेको गेम खिलाए गए। वही द्वितीय दिन भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में कु. रीत जैन,प्रिंयम जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही श्रतु जैन ने द्वितीय एंव आदि जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ सीनियर वर्ग में रानी जैन ने प्रथम,माधुरी जैन ने द्वितीय,श्रीमति मंजू जैन ने तृतीय स्थान और श्रीमति प्रीति बांझल को विषेष स्थान दिया गया। वही उक्त प्रतियोगिता को निर्णायक श्रीमति नम्रता जैन सैनानी एंव ज्योति बगरौदा रही। वही उन्होने बताया कि यह कार्य्रक्रम आगामी महावीर जंयती तक मनाए जाएगें।

## निःशुल्क पेय जल प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

श्रीराम सेवा एवं समाज कल्याण संगठन सागर द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर मंशापूरन महादेव मंदिर परिसर में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। श्रीराम सेवा समाज सेवा एवं समाज कल्याण संगठन विगत 30 वर्षों से शहर के अनेकों स्थान पर निःशुल्क प्याऊ का कार्य करते है। श्रीराम सेवा समाज कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. महादेव प्रसाद दुबे, प्रकाश दुबे, राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष वर्मा द्वारा निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। उन्होनें कहा कि शहर के अनेकों प्रमुख स्थान बस स्टैण्ड, एस.डी.एम. कार्यालय, नई कलेक्ट्रेट, खुरई बस स्टैण्ड, तीन बत्ती, चौकी, जैसे प्रमुख स्थानों पर भी शीघ्र ही निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया जाएगा। दुबे ने कहा कि इससे बडा पुण्य किसी भक्ति में नहीं है जो लोगों के कण्ठ तर कर दे। इस अवसर पर पं. प्रकाश दुबे, पं. गोविन्द पाठक, गनेश अरेले, राजू नामदेव, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, मोनू वर्मा, राजू नामदेव, उदित नामदेव सहित संगठन के सदस्य उपस्थित थे। .

## चरणदास महंत का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है : श्वेता आनंद त्यागी

### महंत के मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रभु राम से की जाएगी प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता चरण दास महंत द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए की गई टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश महिला मोर्चा ने भारी आक्रोश के साथ तीव्र भर्त्सना की है।

महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यालय मंत्री श्वेता आनंद त्यागी ने कहा कि चरण दास महंत को गुड़ाखु करने की लत है,बहुत देर किसी सभा मे बैठ नही सकते,हर घंटे दो घंटे में उनको गुड़ाखु मंजन करने की लत के कारण अगर देर हो जाती है तो उनके बोल बिगड़ जाते हैं। महंत को मनोचिकित्सक की जरूरत है,और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस को अपने वरिष्ठ नेता को री हैब सेंटर भेजने की जरूरत है,ताकि उनकी पूरी काबिलियत का उपयोग पार्टी के लिए हो सके। न कि पार्टी की किरकिरी कराने में हो। वही उन्होने कहा कि महंत के बयान से लगता है कि लोकतंत्र में कांग्रेस के लोगो का विश्वास नही रहा। लाठी , डंडा, और हथकंडा के सहारे चुनाव में जीत की जुगाड़ बनाने में लगे हुए है। उनके प्रधानमंत्री पद के उम्मीद में 15 सालों से बैठे राहुल गांधी को अपनी सीट छोड़ वायनाड भागना पड़ा,उनकी पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को राज्यसभा के सहारे संसद में जाना पड़ा। यह सब इन लोगो के मन मे बैठे हार का भय है। मोदी जी के राष्ट्रनिर्माण के समिधा की ताप से पूरी की पूरी कांग्रेस घबराई हुई है। इस मौके पर भोपाल भारतीय जनता पार्टी की महिला इकाई चरण दास महंत को नशा छुड़ाने की दवाई भेजेगी ताकि उनका मानसिक संतुलन बना रहे।

## निःशुल्क पेय जल प्याऊ का शुभारंभ

**सागर**। श्रीराम सेवा एवं समाज कल्याण संगठन सागर द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर मंशापूरन महादेव मंदिर परिसर में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। श्रीराम सेवा समाज सेवा एवं समाज कल्याण संगठन विगत 30 वर्षों से शहर के अनेकों स्थान पर निःशुल्क प्याऊ का कार्य करते है। श्रीराम सेवा समाज कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. महादेव प्रसाद दुबे, प्रकाश दुबे, राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष वर्मा द्वारा निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। उन्होनें कहा कि शहर के अनेकों प्रमुख स्थान बस स्टैण्ड, एस.डी.एम. कार्यालय, नई कलेक्ट्रेट, खुरई बस स्टैण्ड, तीन बत्ती, चौकी, जैसे प्रमुख स्थानों पर भी शीघ्र ही निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया जाएगा। दुबे ने कहा कि इससे बडा पुण्य किसी भक्ति में नहीं है जो लोगों के कण्ठ तर कर दे। इस अवसर पर पं. प्रकाश दुबे, पं. गोविन्द पाठक, गनेश अरेले, राजू नामदेव आदि मौजूद थे।

## फाग उत्सव में देश के प्रसिद्ध लोक गायक जित्तू खरे ने दी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति

### बड़ी संख्या में लोककला प्रेमी और समिति सदस्य उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



श्री महामाई मंदिर के पास ग्राम वीरपुर में गुरूवार को होली के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय फाग लोकोत्सव कार्यक्रम में बुन्देलखंड के प्रसिद्ध लोक गायक जित्तू खरे एवं उनकी पार्टी ने देर रात्रि तक अपने मनमोहक लोकगीतों एवं भजनों की प्रस्तुति दी।

फाग उत्सव के इस आयोजन में बुंदेलखण्ड की नृत्यांगनाओं ने भी अपने लोकगीतों और लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। रात्रि करीब 9 बजे मंच पर पहुंचे जित्तू खरे बादल ने बुंदेली लोक भाषा में ह्यमैया मोरे मन में मैयर की शारदा भवानह्ल इस भजन से अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की और देर रात्रि तक एक से बड़कर एक मनमोहन प्रस्तुतियां दीं। लोक कला के इस आयोजन को देखने एवं सुनने के लिए आस-पास के ग्रामीण अंचल के हजारों नागरिक ग्राम वीरपुर पहुंचे। इसके उपरांत करो तैयारी मैया आने वाली है, मेया नो-नो लगे तेरो दरबार जैसे प्रसिद्ध लोकगीतों पर नृत्यांगनाओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इससे पूर्व मच पर उपस्थित कलाकारों का समिति ने पुष्प माला से स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोककला प्रेमी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

## आयोजनः भारतीय जनता पार्टी ने की कामकाजी बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

भाजपा की कामकाजी बैठक आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में की गई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी के द्वारा बैठक में आए हुए मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि अपने-अपने बूथ को विजय बनाना है ।

कार्यक्रम में राजेश तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व के द्वारा जो हमें बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करना है एवं लाभार्थी हितग्राहियों के घर-घर जाकर उनसे मिलना है और हमारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को भली भांति अवगत कराना है। बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कटारे विधानसभा विस्तारक कमलेश जायसवाल वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय जैन, प्रेम नारायण विश्वकर्मा गोविंद पटेल अरविंद जैन गुलाब भावसार प्रताप सिंह रघुवंशी, शंभू सिंह रघुवंशी, भगवान सिंह दांगी, बाबूलाल कुशवाह, लोकसभा चुनाव मंडल प्रभारी मुकेश सोनी सह प्रभारी राजेंद्र मीना मंडल अध्यक्ष राजेश यादव महामंत्री रमेश कुशवाह, शुभम मिश्रा, दीपक रघुवंशी, कैलाश प्रजापति, अनिल शर्मा, सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के सभी मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे।

## नहीं खुल रहा उपस्वास्थ केंद्र, क्षेत्र के मरीज हो रहे परेशान

**कस्वा बागरोद**। मध्यप्रदेश सरकार जहां स्वास्थ सुविधाओं के लिए करोड़ों खर्च कर रही है वहीं ग्रामीण अंचलों में सरकार द्वारा बनाए गए आयुष्मान अरोग्यम मन्दिर केंद्र दिन दिनों अपनी दुर्दशा से गुजर रहे हैं। ऐसा ही मामला ग्राम कस्वा बागरोद मे बने अरोग्यम केंद्र का देखने को मिल रहा है। यह केंद्र आस पास के सैकड़ों ग्रामों के मरीजों के स्वास्थ सुविधा के लिए बना लेकिन वर्तमान में इसमें कोई मूलभूत सुविधा नहीं। यहां तक की अभी हालही में यहां सीएचओ भी पदस्थ नहीं हैं जो मैडम पदस्थ थी उनका भोपाल ट्रांसफर हो गया। एक एएनएम पदस्थ हैं लेकिन वह केंद्र पर आती ही नहीं। अब केंद्र खुल ही नहीं रहा। जिससे आस पास से आए मरीजों को उपचार नहीं मिल पा रहा। जिससे वह खासे परेशान है और मजबूरी में मरीजों को बाहर दिखाने जाना पड़ रहा है। मौसम के बदलाव के कारण इन दिनों क्षेत्र में जुखाम, बुखार, खासी के मरीजों की संख्या बड़े पैमाने पर देखने को मिल रही है। ऐसे में उप स्वास्थ केंद्र का बंद होना क्षेत्रवासियों को परेशानी का कारण बना हुआ है।

## अतिक्रमण के कारण तालाब होते जा रहे गायब

### तालाब की भूमियों पर अतिक्रमण कर खेती और बने मकान, जल स्त्रोंतों में फेंका जा रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



बाड़ी जनपद की 106 ग्रापं है। बाडी बरेली तहसीलों में 100 से अधिक तालाब राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। अनेक ग्रामों में एक नहीं दो दो भी तालाब होने के बाद भी अधिकांश तालाब बिन पानी सूखे और ग्रामीणों की लगातार उपेक्षा से कूडादान बन गए है। जलाभिषेक अभियान वर्षो तक चलता रहा। अमृत सरोबर योजना 0.2 भी चल रही है। परंतु जन प्रतिनिधियों, ग्रापं एवं जिला पंचायत की लगातार उपेक्षा से कूडादान बपे एक सैकडा से अधिक तालाबों की तस्वीर नहीं बदल पा रही है।

### कूड़ादान बने तालाब

एक एकड के एक तालाब के निर्माण पर 10 लाख रूपये से अधिक राशि खर्च होने की स्थिति बनती है। बाडी जनपद की बाडी बरेली तहसीलों में 100 से अधिक तालाब दर्ज है। यह प्राचीन तालाब कभी ग्रामों के निवासियों के लिए बहु उपयोगी और जलापूर्ति किया करते थे। जब से हेण्डपंपों नलकूपों का चलन बढ ग्रामीण क्षेत्र के तालाब और कुआ कूडादान बन गए। इसी के साथ तालाबों के सूखने ऊची भूमि पर अतिक्रमण कर मकानों का निर्मा तालाबों की भूमियों पर खेती कर मनमाना उपयोग किए जाने की स्थिति बनी हुई है।

### गहराई क्षेत्रफल हुआ कम

दशकों से बाडी एवं बरेली तहसीलों की दर्जनों ग्रापं के तालाब उपेक्षा का शिकार हो रहे है। भोडिया छुछाहर, किनगी, छींद सिमरोद, महेश्वर बाग पिपारिया ऊटिया पीथनपुर मोकलवाडा, सोमरी खोजरा, मनकापुर, समनापुर काछी, बाबई, चैनपुर, जैसे ग्रामों के बडे विशाल तालाब अब पानी के अभाव से जूझ रहे है। ग्रामीणों द्वारा तालाबों को कूडादान बना कर इनमें कचरा गंदगी गोवर डालने से पानी दूषित होने के साथ गंदगी बदबू और म'छर, जीत जंतू उत्पन्न होने की खान बन गए है।

### बने स्कूल आंगनबाड़ी

ग्रामों में सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जा अतिक्रमण हो जाने से नयागांव के तालाब की भूमि में स्कूल बनाना मजबूरी रहा। सेमरी खोजरा में तालाब की भूमि पर आंगनबाडी केन्द्र बागपिपरिया के तालाब की भूमि पर स्कूल निर्माण इसी के साथ दर्जनों स्थानों पर तो तालाब रिकार्ड में दर्ज और मौके पर गायब हो गए है। दर्जनों तालाब अपना अस्तित्व गायब हो जाने की स्थिति में पहुंच रहे है।

### भूजल बढ़ाने के श्रोत

प्राचीन तालाबों पर हुआ अतिक्रमण हटा कर यदि उनका गहरीकरण कर दिया जाए तो तालाबों में भरने वाला पानी गिरते भू जल को रोकने महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। सरकार द्वारा भी अमृत सरोबर योजना 0.2 इसी उद्देश्य से शुरू की गई है। जनपद क्षेत्र की अनेक ग्रापं में इसी योजना के अंतर्गत तालाबों की मात्र औपचारिकता रही। यदि पुराने तालाबों के गहरीकरण का कायाकल्प की योजना को साकार रूप से देने की जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों में इ'छा शक्ति बढ जाए तो बहुत कम राशि खर्च कर जनपद क्षेत्र के 100 तालाबों को पानी से भरपूर किया जा सकता है।

## मां कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकली विशाल शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज. ग्यारसपुर**। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां कर्मा देवी की जयंती पर साहू धर्मशाला से तहसील की ओर मुख्य मार्ग से होते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें ग्यारसपुर क्षेत्र के साहू समाज के सभी स्वजातिय बंधु और काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां कर्मा देवी के चरणों में पुष्प अर्पित कर तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । समाज के अध्यक्ष बाला प्रसाद साहू ने बताया कि मां कर्मा देवी भगवान कृष्ण की बहुत बड़ी भक्त थीं। वह प्रतिदिन भगवान को खिचड़ी का भोग लगती थीं। भगवान ने उनको साक्षात दर्शन दिए और बाल रूप में प्रतिदिन खिचड़ी का भोग लगाती थी जो आज भी उड़ीसा में जगन्नाथ पुरी में प्रातः भगवान को खिचड़ी का ही भोग लगाया जाता है। कार्यक्रम खिचड़ी का प्रसाद सभी को वितरण किया गया। बाबूलाल साहू, अभयराम साहू, प्रेम सिंह साहू, छोटेलाल साहू, अरविंद साहू, राम रतन साहू ,गौरी शंकर, हरिनारायण , विक्रम सिंह, मनीराम, जवाहर सिंह , महेश कुमार वाल्मीकि प्रवेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ियों का समय बदला, अब सुबह 8 से 2 बजे तक संचालित होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गर्मियों में आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अब आंगनबाड़ी केन्द्र सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे।

आंगनबाड़ी केंद्र खोलने, प्रार्थना एवं निर्मल समय प्रातः आठ से नौ बजे तक रहेगा, जबकि बच्चों के नाश्ते का समय प्रातः 9 से 9.30 बजे, पूर्व प्राथमिक शिक्षा का समय प्रातः 9.30 से 11 बजे, बच्चों के भोजन का समय 11 से 11.30 बजे, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के खेल एवं छुट्टी का समय सुबह 11.30 से 12 बजे तथा कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियों के लिए दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक का समय नियत किया गया है।

## प्रतिबंध के बाद भी नरवाई में लगा रहे आग

**बरेली**। जिला प्रशासन द्वारा प्रति सीजन में गेहूं की नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है परंतु मूंग की जल्दी बोवनी में गेंहू वाले खेतों की नरवाई में आग लगाकर कचरा साफ करना किसानों ने सहज उपाय समझ रखा है। इसी कारण किसान मौका मिलते ही नरवाई में आग लगाने और खेतों का कचरा साफ करने का प्रयास करते हैं। जैसे जैसे अधिक संख्या में खेतों में गेहूं की कटाई हो रही है। आग लगना भी बढ़ता जा रहा है।

## कलेक्टर ने दिलाई मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद



नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधालय के छात्रों द्वारा मतदान के लिए नागरिकों को प्रेरित करने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया गया। नवोदय विधालय में जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट ने सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि मतदान का अधिकार एक ऐसा होता है जो पूरे देश में चारों दिशाओं में जाति, धर्म, संप्रदाय सबसे हटकर एक साथ एक जैसा एक समान सभी को वोट देने का अधिकार मूल्य एक होता है। स्कूली बच्चों से कहा कि सभी अपने घर परिवार मोहल्ले के लोगों को मतदान करने भेजे। बच्चों की जिद को परिवार को मानना पड़ता है सभी को प्रेरित करे, हर आदमी को मतदान के लिए हिस्सेदार होना आवश्यक है।

महानीम चौराह से शमशाबाद तक वाहन रेली निकाली गई। वाहन रैली में सभी हाथों में तख्ती लेकर निकले। जिसपर वोट की ताकत, पहचानों मतदाता, मजबूत प्रजातंत्र से इसका नाता, हमारा आह्वान करें मतदान बनें महान जैसे कई संदेश मतदाता जागरूक के दिए गए। इस अवसर पर एसडीओपी अजय मिश्रा,जनपद सीईओ जितेन्द्र धाकरे, तहसीलदार दीपक द्विवेदी, नायब तहसीलदार दर्शन लाल नेगी, नवोदय प्राचार्य एके राजे, नगर निरीक्षक जसवंत सिंह मीणा, बीआरसी मुकेश शर्मा, के पी एस चौहान, सीएमओ मोहम्मत सलीम खान आदि मौजूद रहे।

## कर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा धर्मशाला पर हुआ मुख्य कार्यक्रम

**कुरवाई**। साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि कर्मा देवी की जयंती पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुरलीधर मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमानगंज, मुख्य बाजार ब्राह्मण मोहल्ला बीना तिराहा होते हुए बीना रोड साहू धर्मशाला पर पहुंची। शोभायात्रा का नगर में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में बाल बजरंग अखाड़ा के पहलवानों द्वारा ढोल नगाड़ों की धुन पर लेजम चाचड़ के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। स्वजातीय बंधुओं ने अपने घरों के सामने शोभायात्रा की में कर्मा देवी के चित्र की आरती उतार कर पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में साहू समाज की महिला पुरुषों एवं बच्चों के अलावा क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे ,शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सीताराम सैनी, भाजपा विधानसभा प्रभारी विनोद जैन, नीलेश नामदेव अन्य समाज के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। साहू धर्मशाला पर मुख्य कार्यक्रमका आयोजन हुआ जिसमें समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया समाज के बच्चों ने भक्ति भजन आदि गाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष बलिराम साहू, द्वारा समाज समाजके सभी परेशान ऑन सभी वरिष्ठ जनों का स्वागत किया गया। रमेश साहू विद्युत मंडल द्वारा मुख्य आरती की बोली ली गई और मुख्य आरती उनके परिजनों द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन कैलाश साहू अधिवक्ता एवं राकेश साहू शिक्षक द्वारा किया गया।

**-जाहिर सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डॉ. पीयूष सक्सेना पुत्र श्री सुरेश चन्द्र सक्सेना रामसहाय कालोनी शेरपुरा विदिशा म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का भूखंड जो कि आराजी क्रमांक 369/5/3-4 मिन में भूखंड स्थित वार्ड क्रमांक 34 नया 37 मोहल्ला पूरनपुरा नगर पालिका विदिशा तह. व जिला विदिशा म.प्र. मे जो कि 32 फिट X 38 फिट का होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 1216 वर्गफिट भूखंड स्थित है जिसको भूखंड पूर्व स्वामी श्रीमति गायत्री बरसैया पत्नि श्री अनिल कुमार निवासी गांधीनगर कालोनी विदिशा म.प्र. ने जर्ये दस्तावेज क्रमांक 1763 द्वारा क्रय कर अधिपत्य प्राप्त किया था उक्त भूखंड को सर्वभार मुक्त अवस्था मे क्रय करने का मेरे पक्षकार से अनुबंध किया है व आंशिक धनराशि का भुगतान कर दिया है यदि उक्त वर्णित भूखंड पर किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, पारिवारिक व न्यायालयीन विवाद आदि या कोई भी ऋण, भार की आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 5 दिन के अन्दर लिखित प्रमाण दस्तावेज सहित दर्ज कराये अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय **रविन्द्र रघुवंशी** एडवोकेट
अभिभाषक संघ विदिशा,
मो. नं. - 9907259952

# नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा की गई, मांगी अमन चैन की दुआ

# रमजान के आखरी अशरे में हजारों सिर झुक रहे सजदे में, ईद उल फितर की नमाज़ ईदगाह पर होगी 7:30 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

रायसेन जिला मुख्यालय सहित सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, सांची, कुल्हाड़िया, सेमरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में रमजान-उल- मुबारक की अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर नमाजियों की संख्या में बढ़ोतरी होने के कारण मस्जिद इंतजामिया कमेटियों के द्वारा वजू का पानी सहित ध्वनि विस्तारक यंत्र का बेहतर इंतजाम किया गया था। नमाज- ए- अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम मोहल्लों में आज सुबह से ही चहल-पहल देखी गई। खास कर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे आज नए-नए कपड़े पहनकर नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा की। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए नमाजी पूर्वाह्न 12 बजे से ही मस्जिदों में दाखिल होने लगे थे। जुमे का इस्लाम धर्म में विशेष महत्व है और रमजान के पाक महीने के जुमे की अहमियत और बढ़ जाती है। सलामतपुर की जामा मस्जिद सहित राजीवनगर और अन्य मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर एक अलग ही रौनक देखने को मिली है। मस्जिदों में इसके लिए खास तैयारी की गई थी। लोग नए वस्त्र पहनकर नमाज अदा करने के लिए आए। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोग इस दिन मस्जिदों में इबादत करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि अलविदा जुमे में नमाज अदा कर लोग जो जायज दुआ मांगते हैं वह पूरी होती है। साथ ही अल्लाह की रहमत और बरकत मिलती है। साथ ही व्यक्ति को अपने गुनाहों की माफी मिलती है।



### आखरी अशरे में ही होती है शब-ए-कद्र की रात

*हाफिज मकसूद साहब ने बताया कि पवित्र कुरान में ज़क्रि है 'बेशक जो लोग अपने परवर दिगार से बिना देखे डरते हैं। उनके लिए मगफिरत और अज़्रे-अजीम मुकर्रर है। कुरआन की आयत की रोशनी में ग्यारहवें रोजे की तशरीह की जाए तो आधुनिक अविष्कारों के मद्देनजर कहा जा सकता है कि इबादत के प्लेटफॉर्म पर मगफिरत की ट्रेन के लिए दरअसल ग्यारहवां रोजा सिग्नल है। क्योंकि ग्यारहवें रोजे से ही रमजान माह में मगफिरत का अशरा शुरू होता है। मगफिरत (मोक्ष) की बात हरेक मजहब में कही गई है। और अब यह दूसरा अशरा भी समाप्ति की ओर है। इसके बाद शुरू होगा तीसरा असर जहन्नम की आग से खुलासी का जो अभी तक अपना वक्त लापरवाही में गुजर चुके हैं उन्हें चाहिए कि वह बाकी दोनों की कद्र करते हुए रात दिन इबादत में गुजारे आखिरी अशरें में ही लैलतुलकदर है उसको ढूंढने की कोशिश करें यह ताक रातों में पाई जाती है। जिसका बेइंतहा सवाब है। उक्त मस्जिदों के अलावा भी अन्य मस्जिदों में अलविदा जुमे पर उलेमाओं ने रमजान को लेकर लोगों को तकरीर के माध्यम से समझाइश दी।*

### ईद से पहले निकालना चाहिए फितरा

इस माह में प्रत्येक साहिबे निसाब मुसलमान को ईद से पूर्व फितरा निकालना चाहिए जो 1 किलो 633 ग्राम गेहूं या उसकी कीमत 50 रुपये होती है। ईद की नमाज से पहले गरीबों को देना चाहिए। खुदा इससे रोजे में होने वाली कमियों को पूरी करता है।वहीं इससे गरीबों की भी ईद अच्छी होती है। हमें फितरा निकाल कर पहले ही दे देना चाहिए।और इमाम साहब ने कहा कि इस्लाम मजहब में मगफिरत (मोक्ष) के लिए तकवा (संयम/सत्कर्म) जरूरी है। तकवा के लिए रोजा जरूरी है। रोजा यानी अल्लाह का वास्ता रोजा यानी मगफिरत का रास्ता रमजान के मुबारक माह के ग्यारहवें रोजे से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है।

जो बीसवें रोजे तक होता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा (मोक्ष का कालखंड) इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए खुसुसी दुआ की जाती है। बिना किसी पाप के यानी बुराई से बचते हुए रोजे में अल्लाह की इबादत की जाती है। और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोजा।


### इनका कहना है।

ये रमज़ान मुबारक का आखरी अशरा चल रहा है और शब-ए- कद्र भी आखरी अशरे में ही होती है। इसलिए रात-रात भर जागकर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे और अपने मुल्क और सारी दुनिया में अमन चेन के लिए दुआ करें।

**- आलिम नसीम अहमद,** पेशे ईमाम जामा मस्जिद सलामतपुर।

---

## खबर संक्षेप



### नप सांची में लाखों के भवन हुए कचरे का ढेर

**सांची।** नगर परिषद सांची में जो भवन जिस उपयोग करने के लिए बनाए गए थे उनका उपयोग किसी दूसरे कार्य के लिए किया जा रहा है लाखों रुपए की बनी संपत्ति कचरे का ढेर बन के रह गई है स्थानीय लोगों का कहना है कि बीच बाजार में जो मुर्गा मटन की दुकान लगी हैं उनको हटाने के लिए एक अलग से मार्केट बनवाया गया था। वह बना हुआ धूल खा रहा है कुछ दोनों में खंडहर बनने की कगार पर आजाएगा वहीं पर लाखों रुपए का बना सामुदायिक भवन भी धूल धमास खाकर खंडार बनने की कगार पर है वहीं नगर परिषद द्वारा एक वृद्ध आश्रम बनाया गया था जो अभी तक आधा अधूरा पड़ा हुआ है नगर परिषद सांची के द्वारा उनकी सुरक्षा और उनकी साफ सफाई के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है।

### बैंक अवकाश में कृषि उपज मंडी रहेगी बंद

**रायसेन।** अप्रैल माह में विभिन्न त्योहारों, शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने से कृषि उपज मण्डी रायसेन में नीलामी कार्य बंद रहेगा। कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव ने बताया कि अप्रैल माह में 7 अप्रैल को रविवार अवकाश, 9 अप्रैल को गुड़ीपड़वा, 10 अप्रैल को झूलेलाल जयंती, 11 अप्रैल को ईद, 13 अप्रैल को द्वितीय शनिवार का बैंक अवकाश, 14 अप्रैल को रविवार अवकाश, 17 अप्रैल को रामनवमी, 21 अप्रैल को रविवार अवकाश तथा 27 अप्रैल 2024 को चतुर्थ शनिवार को बैंक अवकाश होने से मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। किसान भाईयों से अनुरोध है कि इन दिवसों में अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु कृषि उपज मण्डी में नहीं लाएं।

### रिपोर्ट व कम्प्यूटराइजेश के लिए लगाई ड्यूटी

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन हेतु संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद में शामिल जिले के विधानसभा खेत्र उदयपुरा के मतदान 26 अप्रैल को मतदान उपरांत सामग्री वापसी के समय वोटर टर्नआउट रिपोर्ट तैयार करने तथा पीठासीन अधिकारी की डायरी के बिन्दुओं का कम्प्यूटराइजेशन करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सारणीकरण कैलाश चंद्र पर्ते और जिला योजना अधिकारी किस्मत शाहनी के मार्गदर्शन में कार्य सम्पादन हेतु दो दल गठित किए हैं। जारी आदेश में सहायक सांख्यिकी अधिकारी एके रिछारिया को प्रभारी अधिकारी बनाया है। दल क्रमांक-01 का दल प्रभारी विनोद बघेल जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जिला पंचायत को बनाया गया है। साथ ही विजय रायकवार सहा.सांख्यिकी अधिकारी तथा आयुष बाथम सहायक ग्रेड-3 जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय को सहायक अधिकारी नियुक्त किया। इसी प्रकार दल 2 का प्रभारी प्रवीण झोपे सहायक सांख्यिकी अधिकारी जिला पंचायत को दल प्रभारी बनाया है।

---

## छत में दिखने लगा लोहा, हादसा होने पर जानमाल की होगी क्षति

# कभी भी हादसे का कारण बन सकता है महिला बाल विकास कार्यालय भवन

- भय के साए में कार्य करने को मजबूर कर्मचारी
- करीब 25 साल पूर्व बना भवन हो चुका है जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

महिला बाल विकास विभाग का कार्यालय क्षतिग्रस्त भवन में संचालित किया जा रहा है। इस भवन का निर्माण करीब 25 साल पूर्व होना बताया जा रहा है। क्षतिग्रस्त भवन कभी भी हादसे का कारण बन कता है। लेकिन विभाग के द्वारा ना तो क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कराई जा रही है ना ही नव निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर कार्रवाही की जा रही है। भवन कभी भी धरासाई होकर हादसे का कारण बन सकता है। हादसा होने पर जान माल की क्षति होने से इंकार नही किया जा सकता है।

नगर के वार्ड नंबर एक टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय संचालित है। इस कार्यालय भवन का निर्माण करीब 25 साल पूर्व होना बताया जा रहा है। यह भवन पूर्णता क्षतिग्रस्त हो गया है। अनेको स्थानो से दीवारो में दरारे आ गई है। छत से प्लास्टर गिर जाने के कारण लोहा दिखाई देने लगा है। महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से तहसील भर में लगभग दो सौ आगंनवाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे है। इन केंद्रो पर 4 सौ से अधिक महिला कार्यकर्ता व सहायिकाए कार्य कराती है। जो कि विभागीय कार्यो के चलते सिलवानी कार्यालय आती है।

इसी भवन में विभागीय बैठको का भी आयोजन किया जाता है। लेकिन क्षतिग्रस्त भवन होने के कारण हमेशा ही हादसे की आशंका बनी रहती हैं।



### वरिष्ठ कार्यालय नहीं कर रहा कार्रवाई

*क्षतिग्रस्त हो चुके महिला बाल विकास कार्यालय भवन की मरम्मत कराए जाने को लेकर विभाग के बरिष्ठ कार्यालय के द्वारा गंभीरता के साथ कार्रवाही नहीं की जा रही है। हालांकि सिलवानी कार्यालय से विभागीय अधिकारियो के द्वारा भवन की स्थिति से बरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद भी उच्चाधिकारी क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कराने व नव निर्माण को लेकर कार्रवाही करन से कतरा रहे है। फलस्वरुप कर्मचारी भय के साये में कार्य करने को मजबूर है।*

### बरसात के मौसम में छत से टपकता है पानी

*बरसात के मौसम में क्षतिग्रस्त भवन की हालत बद से बदतर हो जाती हैं। बारिश का पानी छत से टपकता है। बारिश का पानी छत के माध्यम से अंदर भरा जाने से दस्तावेज भी गीले हो जाते है। बल्कि पानी लगने से छत में लगे लोहे में भी जंग लगने लगी है जिससे लोहा कमजोर होने लगा है। जर्जर हो चुका भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। हादसा होने पर जान माल की क्षति होने से इंकार नही किया जा सकता है। प्रशासन को इस क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत या नव निर्माण कराए जाने की कार्रवाही करनी होगी ताकि हादसे को टाला जा सके। अनेक आगंनवाडी कार्यकताओ ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्षतिग्रस्त भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। अतः विभाग को शीध्र ही भवन की मरम्मत या नवीन भवन का निर्माण कराना चाहिए। ताकि हादसे की आशंका को टाला जा सके।*

---

## सुविधा के नाम पर क्या रुकेगी मनमानी

# गेहूं खरीदी केंद्र पर प्रशासन को रखनी होगी चौकसी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

कृषक का गेहूं 2700 रुपए में नहीं 2400 रुपए में खरीदा जाएगा हर वर्ष शासन शिकायत विभाग को दिशा निर्देश देता है लेकिन दिशा निर्देश का पालन नहीं होता है जिसके चलते किसान दलाली प्रथा का शिकार हो जाते हैं

अच्छी क्वालिटी का गेहूं जांच अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत खरीदा जाता है। लेकिन किसानों में भेदभाव किया जाता है सीमांकन किसान अपनी गेहूं बेचने के लिए मस्कत करता हुआ दिखाई देता है और धनवान किसान की खरीदी के लिए अधिकारियों के नियम और कानून दो प्रकार के होते हैं क्वालिटी के साथ जो प्रबंधक एवं संचालक मनमानी और तानाशाही करते हुए दिखाई देते हैं इसके पीछे बड़ा खेल खेला जाता है विभाग के अधिकारी पतला गेहूं एवं मोटा गेहूं में इस बार बड़ा खेल खेलने की योजना बना रहे हैं इस बार आंधी तूफान के कारण गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है ।

### आदेश का नहीं होता पालन

शासन द्वारा हर वर्ष किसानों के हित में आदेश जारी किए जाते हैं लेकिन नौकरशाही इन आदेशों का पालन नहीं करता जिसके चलते किसान दलालों के शिकार हो जाती है गेहूं खरीदी केंद्र के समय दलाल सक्रिय हो जाते हैं और वह 200 से 300 कम में गेहूं खरीदने हैं जो प्रभारी एवं प्रबंधकों के संपर्क में रहते हैं और इस सीजन में लाखों करोड़ों का फायदा उठाते हैं हर गांव में दलाल सक्रिय हो जाती जिन्हें प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होता है।

### शासन को चुना

*केंद्र पर क्वालिटी वाला गेहूं लिया जाता है पर प्रभारी अपनी रिपोर्ट में मिट्टी मिलावट करके अतिरिक्त धन कमाया जाता है यदि केंद्र खरीदी और वेयर हाउस में जाने वाले गेहूं की जांच की जाए तो बड़ा खेल सामने आ सकता है। कड़क गेहूं खरीदा जाता है परिवहन के बाद नमी बताकर लाखों रुपए का खेल खेला जाता है इसकी जांच की जाए तो बड़ा मामला सामने आएगा।*

### सुविधा पर लीपापोती

*केंद्र पर कंप्यूटर ऑपरेटर जलवाहक टेंट एवं अन्य सुविधा के नाम पर लाखों रुपए की हेरा फेरी होती है 2003 से 2023 तक लाखों रुपया फर्जी ढंग से निकल गया है किसानों ने शपथ पत्र देकर किसी भी सुविधा से इनकार किया है जिसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजी गई ।*

### इनका कहना है

*हम सभी सेंटर पर नजर रखे हुए हैं अगर कोई गलत कार्य होता हैं तो तुरंत कार्यवाही की जाएगी।*

*- प्रमोद उईके, तहसीलदार बाड़ी*

---

# चुनावः अधिकाधिक मतदान के लिए आयोजित की जा रही हैं स्वीप गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा आम निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाड़ी विकासखण्ड के ग्राम कोटपार में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा जागरूकता रैली, रंगोली, मेहंदी आदि गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को आगामी 7 मई को मतदान केन्द्र जाकर लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार औबेदुल्लागंज विकासखण्ड के ग्राम कुमडी में ग्रामीण मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों द्वारा आगामी 7 मई को अपने मतदान केन्द्र जाकर वोट करने के लिए प्रेरित किया गया।




उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला से लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

---

# भीषण गर्मी की चपेट में सिलवानी, दोपहर के समय सड़कों पर पसरा रहता है सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अप्रैल के प्रथम सप्ताह में पारा तेजी से बढ़ रहा है। दिन के बढ़ते तापमान के बीच लोग तेज धूप से बचने का प्रयास करते रहे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया। जो अब तक का सर्वाधिक तापमान रहा है। अप्रैल माह में इस तरह की गर्मी पढ़ने से मौसम विभाग ने अप्रैल और मई में अधिक गर्मी पढ़ने का अनुमान लगाया है।



आमतौर पर अप्रैल मई माह में गर्मी का आगाज होने लगता था। शुक्रवार को नगर की सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा छाया रहा गर्मी से बचने के लिए लोग शीतल पेय का सहारा लेते नजर आए। मौसम के जानकारों ने बताया कि तापमान लगातार रिकार्ड तोड़ रहा है। अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही पारा 40 डिग्री पार होने से गर्मी बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। लगातार तापमान बढ़ने के कारण भूजल स्तर डेढ़ सौ फीट नीचे पहुंच गया है। जिसके चलते ग्रामीण अंचलों में लगे हैंडपंप दम तोड़ चुके हैं। लोग बूंद.बूंद जल के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं। वही ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली की आंख मिचौली से भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा दोपहर के समय सड़कों पर इक्का दुक्का वाहन ही नजर आए तहसील परिसर में भी दोपहर के समय कम ही लोग नजर आए। वहीं ग्रामीण अंचलों से आए ग्रामीण पेड़ों का सहारा गर्मी से बचने के लिए लेते रहे।

वहीं दुपहिया वाहन चालकों को सिर पर गमछा तौलियां बांधकर लपट से बचाव करते देखे गए। लगातार बढ़ती गर्मी के प्रभाव और लू के चलते बसों से आवागमन करने वाले मुसाफिर पानी के लिए परेशान हो रहा है। यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

---

## अनेकों स्थानों पर मां कर्मा देवीजी की पूजा-अर्चना कर स्वागत किया

# मां कर्मा देवी जन्मोत्सव पर निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज-

साहू समाज की आराध्य देवी माँ कर्मा देवी के 1008 वे जन्मोत्सव पर क्षेत्रीय साहू समाज एवं नगर साहू समाज द्वारा शुक्रवार को भव्य आयोजन कर कर्मा देवी जी की जन्म जयंती हर्षउल्लास एवं धूम-धाम से मनाई गई इस अवसर पर समाज द्वारा श्री राम जानकी मंदिर परिसर स्थति मां कर्मा देवी मंदिर एवं पाठा स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात दौपहर में समाज द्वारा टेकापार मंदिर से बेन्ड बाजो तथा डीजे एवं अखाडो के साथ मां कर्मा देवी की विशाल शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों सेनिकाली गई।

शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर विभिन्न समाज सेवियों द्वारा मां कर्मा देवी जी की पूजा अर्चना कर स्वागत किया शोभायात्रा का समापन श्री राम जानकी मंदिर धर्मशाला में किया गया। जहाँ पर समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान माता कर्मा के जीवन पर आधारित नाटक आदि एवं उनके जीवन पर आधारित स्मृतियों पर समाज सेवियों द्वारा व्याख्यान दिये गये कार्यक्रम उपरांत माता कर्मा का भात, जगत पसारे हाथ के रूप मे खिचडी का वितरण किया गया।



कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई, मंडल अध्यक्ष संजय जैन संजू, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, नप उपाध्यक्ष अशोक सिह ठाकुर ,साहू समाज तहसील अध्यक्ष परषोत्तम साहू,नगर अध्यक्ष सुरेश चन्द नायक, युवा मंडल अध्यक्ष शैलेश नायक, बरिष्ट समाज सेवी जवाहर चन्द्रवंशी, रामकृपाल श्रीवास्तव,आलम चन्द साहू, गोपी लाल साहू, तेजराम नायक, अशोक ठाकुर मामा, वृन्दावन विश्वकर्मा, उत्तम चन्द जेन, अमर चन्द साहू, विनेश साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, पंकज साहू, सचिन साहू, राजेश साहू,प्रकाश साहू, वीडी साहू, मनोज शर्मा, प्रदीप साहू, अभिषेक शर्मा, डिम्पल पटेल, प्रदीप साहू, मनोज साहू, निहालचन्द नायक, बब्लू साहू,पत्रकार नरेन्द्र साहू, अनिल साहू, दीपेश नायक, रामनारायण साहू, मनोज कुमार नायक,अर्पित साहू,भगवान दास सेन, प्रवीण साहू, जीवन, शुभम साहू सहित सनातन सेवा समिति के सदस्य शामिल रहे।

---

# चुनाव प्रेक्षकों के लिए नियुक्त किए लायजनिंग ऑफीसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 17-होशंगाबाद अंतर्गत रायसेन जिले की विधानसभा उदयपुरा के लिए 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी सी.संतोष कुमार तुकाराम को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है। पुलिस प्रेक्षक के सहयोग हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा घनश्याम शर्मा का निरीक्षक थाना अजाक रायसेन को लायजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

इसी प्रकार निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद अंतर्गत रायसेन जिले की विधानसभा उदयपुरा के लिए 2003 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ प्रीतम बी.यशवंत को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

सामान्य प्रेक्षक के सहयोग हेतु एके दुराफे सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग पीआईयू रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया है। आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 17-होशंगाबाद अंतर्गत रायसेन जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 140-उदयपुरा के लिए 2009 बैच की आईए एण्ड एएस अधिकारी मीना कुमारी मीना को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना के सहयोग हेतु संजय चतुर्वेदी लेखाधिकारी पीआईयू भवन रायसेन को लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।